हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

11 100 मीटर दौड़ में बिमला बहल, 300 में पिंकी ...

12 नगर पालिका कर्मचारियों ने टूल एवं पैन डाउन ...


**खबर संक्षेप**

### बवानीखेड़ा के 16 वार्डों में से 6 वार्ड होंगे आरक्षित

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के 16 वार्डों में से 6 वार्ड अर्थात वार्ड 05, 06, 09, 12, 14, 16 अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए आरक्षित होंगे। इनमें से वार्ड 12, 14 अनुसूचित जाति की मुहिलाओं से संबंधित सदस्यों के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड संख्या 10 पिछड़ा वर्ग से संबंधित सदस्यों के लिए आरक्षित होंगं। वार्ड 10 पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के संबंधित सदस्य के लिए आरक्षित होंगें। वार्ड संख्या 01, 08, 11 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगें।

### पैसे छीनकर बाइक सवार फरार, केस दर्ज

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा हुडा सेक्टर में भवानी गैस सेवा के सिलेंडर की सप्लाई की राशि के बैग को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार लेकर फुर्र हो गए। पुलिस में दी शिकायत में बवानी खेड़ा निवासी सतनाम ने बताया कि वह भवानी गैस सेवा में बतौर डिलीवरी मैन कार्यरत्त है। वीरवार सुबह से शाम तक उसने 48 सिलेंडर की सप्लाई दी और 42000 रुपये बैग में थी वह पैसे जमा करवाने के लिए एजेंसी में जा रहा था एक बिना नंबर के प्लेटिना बइाक पर तीन अज्ञात लड़को ने धक्का मारकर बैग छीन लिया और फरार होग गए।

### आधार कार्ड अपडेट की अंतिम तिथि बढ़ाई

**चरखीदादरी।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आधार कार्ड अपडेट करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 14 मार्च 2024 कर दिया गया है। नियमों के अनुसार आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को अंतिम तिथि तक अपडेट करवाना जरूरी है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि यूआईडीएआई के पोर्टल पर आधार कार्ड को स्वयं निशुल्क अपडेट किया जा सकता है। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी, जबकि सीएससी सेंटर से अपडेट कराने पर निर्धारित शुल्क देना होगा।

### 10 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी को तोड़ा



**भिवानी।** नगर योजनाकार विभाग ने भिवानी शहरी क्षेत्र मौजा भिवानी में भिवानी.हालुवास लिंक रोड़ पर एक अवैध कॉलोनी से निर्माण हटाने का अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान जेसीबी मशीन से डीमार्केशन एवं कच्चे रास्तों के नेटवर्क को तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा ने कहा कि अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत भिवानी शहरी क्षेत्र मौजा भिवानी.हालुवास लिंक रोड़ पर मुक्तिधाम के नजदीक लगभग 10 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में डीमार्केशन तथा कच्चा रोड नेटवर्क को जेसीबी से तोड़ा गया।

हरिभूमि के संस्थापक चौ. मित्रसेन आर्य की 93 वीं जयंती मनाई

## आदर्श व्यक्तिव के धनी थे स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य: सचिन जैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हमारा अपना फाऊंडेशन के संस्थापक एवं वर्धमान ज्वलर्स के संचालक सचिन जैन ने कहा कि स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य आदर्श व्यक्तिव के धनी थे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अनेक जन्मों के बाद मिलता है, इसलिए हमें मानव जीवन को सत्कर्म में लगाना चाहिए। स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य ने अपना संपूर्ण जीवन सत्कर्मों में लगाया। मानव जीवन में कर्मों का फल अवश्य मिलता है। हर कर्म हमारे चित पर असर डालता है। अच्छे कर्मों का असर अच्छा होता है और बुरे कर्मों का असर बुरा ही रहता है। ये कर्म ही हमें अगला कर्म करने की प्रेरणा देते हैं। पुण्य कर्म करने वाली पुण्यात्मा को पुण्य फल की ही प्राप्ति होती है। स्व. चौधरी मित्रसेन भी ऐसी ही पवित्र आत्मा थे। उनकी स्मृति में हर वर्ष क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को सत्कर्म करने की प्रेरणा मिलती है।

**चौधरी मित्रसेन आर्य सब के लिए अनुकरणीय**

सचिन जैन ने कहा कि मानव जीवन की उन्नति और मोक्ष की प्राप्ति पंचमहायज्ञ करने के बिना सम्भव नहीं है। माता, पिता,आचार्य, अतिथि व निःसहायों की सेवा करने वाला ही सच्चे मायने में मानव है। ऐसे मानव का संस्कार कई पीढ़ी तक बने रहते हैं। उन्होंने कहा कि आर्य समाज राष्ट्र धर्म निभाता है और सही मायने में जीवन जीने की कला सीखाता है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी रीतिक वधवा ने चौधरी मित्रसेन आर्य के साथ बिताए गए संस्मरण को याद किया । उन्होंने कहा कि मित्रसेन आर्य जैसा पवित्र व्यक्ति नहीं देखा, वे हम सब के लिए अनुकरणीय है। हमें उनका अनुसरण करना चाहिए। चौधरी मित्रसेन आर्य ने परममित्र मानव निर्माण की स्थापना की और इसके माध्यम से केरल से उत्तराखंड, उत्तराखंड से उड़ीसा और उड़ीसा से आसाम तक शिक्षा की अलग जगाने का काम किया। पूरे देश में शिक्षण संस्थान व गुरुकुलों की स्थापना की। इतना बड़ा काम करना किसी सामान्य व्यक्ति का काम नहीं है। अधिवक्ता देवेंद्र अत्री व सीएम पुनीत महता ने संयुक्त रूप से कहा कि हमें उनकी जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है और अपनी ताकत को राष्ट्रहित में लगाना है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के इस कार्य के लिए सिंधु परिवार साधुवाद का पात्र है। सिंधु परिवार तरक्की के पथ पर आगे बढ़ते हुए चौधरी मित्रसेन आर्य की सपनों को पूरा करे, ऐसी परमात्मा से कामना करते हैं।




**भिवानी।** हरिभूमि के संस्थापक चौ. मित्रसेन आर्य की 93 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मित्रसेन का जीवन बड़ा संघर्षशील रहा : खरकिया

धानक जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि स्वर्गीय मित्रसेन आर्य का जीवन बड़ा संघर्षशील रहा है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी नीतियों को देश व प्रदेश में आगे बढ़ाएं आज गांव खरक कला में स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्परित करते हुए कहे संदीप खरकिया ने कहा कि मित्रसेन आर्य ने बचपन में ही उनकी पढ़ाई छूट गई थी और घर का सारा बोझ उनके कंधों पर आ गया। उन्होंने कृषि के साथ.साथ अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिए छोटा सा उद्योग लगाया और बुलंदियों तक पहुंचाया।

# सत्यजीत पिलानिया चौथी बार बने बार एसोसिएशन के प्रधान

## रवि सिंह उपप्रधान, दीपक तंवर सचिव और योगी राकेश पंवार संयुक्त सचिव बने




**भिवानी।** नव निर्वाचित सचिव दीपक तंवर और संयुक्त सचिव योगी राकेश पंवार। फोटो : हरिभूमि




**भिवानी।** बार एसोसिएशन के चुनाव में रवि सिंह के उपप्रधान चुने जाने पर खुशी मनाते साथी अधिवक्ता और सत्यजीत पिलानिया के चौथी बार प्रधान बनने के बाद खुशी मनाते साथी अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

जिला बार एसोसिएशन के शुक्रवार को हुए चुनाव में सत्यजीत पिलानिया ने चौथी बार प्रधान पद पर कब्जा किया। सत्यजीत पिलानिया को 687 वोट प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वंदी राकेश वत्स ने 652 वोट प्राप्त किए। सत्यजीत पिलानिया 35 वोट से विजयी हुए। उपप्रधान के पद पर रवि सिंह विजयी हुए। उन्हें 647 वोट प्राप्त हुए। अमित खरकिया 498 वोट के साथ दूसरे स्थान पर व सुरेन्द्र सिंह चौहान 175 वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रवि सिंह ने 149 वोट से विजय दर्ज की।

सचिव पद पर दीपक तंवर 625 वोट के साथ विजयी रहे। संजय कुमार तंवर को 257 वोट के साथ दूसरे स्थान,केन्द्रमणि 227 वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। दीपक तंवर ने 368 वोट से जीत हासिल की। संयुक्त सचिव के पद पर राकेश कुमार पंवार ने 673 वोट लेकर अपने प्रतिद्वंदी सुनील बलोदिया को 22 वोट से हराया। सुनील बलोदिया ने 651 वोट प्राप्त किए। कोषाध्यक्ष पद पर प्रिया लेंघा 761 व मीना शर्मा ने 570 वोट प्राप्त किए। 191 वोट से प्रिया लेंघा कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई।

### 7 वोट हुए रद

चुनाव अधिकारी विकास बुडानिया ने बताया कि कुल 1346 वोट डाले गए। जिनमें से 7 वोट रद्द हुए हैं। अपनी जीत पर खुशी जताते हुए लगातार चौथी बार प्रधान बने सत्यजीत पिलानिया ने कहा कि अधिवक्ता साथियों का उन्हें जो सहयोग मिला है उसके लिए वे सभी का आभार जताते हैं। सभी को साथ लेकर बार के विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। भिवानी की बार को सर्वश्रेष्ठ बनाना उनका लक्ष्य है।

## नसीब राणा बने दादरी बार एसो. के प्रधान



**चरखी दादरी।** दादरी जिला बार एसोसिएशन चुनाव में प्रधान पद पर नसीब राणा ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सुरेंद्र मैहडा को 57 वोटो से मात दी। सुरेंद्र तीन दफा दादरी बार एसोसिएशन के प्रधान रह चुके हैं। शुक्रवार सुबह बार एसोसिएशन चुनाव के लिए अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण मतदान शुरू किया जो शाम 5 बजे तक चला रहा। मतदान को लेकर दिनभर अधिवक्ताओं में उत्साह बना रहा। शाम साढ़े 5 बजे मतगणना शुरू हुई। चुनाव में प्रधान पद के लिए सुरेन्द्र मेहडा, नसीब राणा व अनील फोगाट के बीच मुकाबला था। जिसमें नसीब राणा ने सुरेन्द्र मेहडा को 57 वोटो से हराया। नसीब से 357 तो सुरेंद्र ने 300 वोट प्राप्त की। जबकि अनील फोगाट को मात्र 32 वोट मिली। वहीं उपप्रधान पद के लिए अजय छिकारा ने मनदीप फोगाट के बीच आपने सामने की टक्कर थी। जिसमें अजय ने मनदीप को 102 वोटो से हराया। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए पंकज ने भूपेन्द्र को 35 वोटो से मात दी। वहीं जॉइंट सेक्रेटरी पद के लिए गौरव ने जीत दर्ज की। जबकि सेक्रेटरी पद पर मनोज जागड़ा ने राकेश को मात दी।



**तोशाम।** बार एसोसिएशन के चुने गए पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए।

## सत्यवान शयोराण दूसरी बार ऐसा. प्रधान और सुमन रानी सचिव बनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

शुक्रवार को आयोजित हुए बार एसोसिएशन तोशाम के चुनाव के दौरान प्रधान पद के लिए आमने.सामने के रोमांचक मुकाबले में एडवोकेट सत्यवान शयोराण दूसरी बार बाजी मारते हुए 12 मतों से चुनाव जीतकर तोशाम बार एसोसिएशन के प्रधान बने। वहीं एडवोकेट सुमन रानी भी 12 मतों से ही विजय प्राप्त करते हुए सचिव चुनी गई। इसके अलावा अन्य सभी पदों के लिए एक-एक प्रत्याशी होने की वजह से पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके थे।

शुक्रवार को बार एसो. तोशाम के प्रधान व सचिव पद के लिए चुनाव हुआ। इस दौरान कुल 140 मतों में से 133 मत डाले गए। प्रधान पद के लिए डाले गए 133 मतों में से तीन मत रद्द हो गए। जिसमें प्रधान पद के लिए आमने.सामने के रोमांचक मुकाबले में कुल 130 मतों में से प्रदीप कुमार फोगाट को 59 मत मिले तो सत्यवान शयोराण को 71 मत प्राप्त हुए। जिससे सत्यवान शयोराण ने प्रदीप कुमार फोगाट को 12 मतों के अंतर से हराकर विजय प्राप्त करते हुए दूसरी बार तोशाम बार एसोसिएशन के प्रधान पद की कुर्सी अपने नाम की। वहीं सचिव पद के लिए डाले गए 133 मतों में से एक मत रद्द हो गया जिससे सचिव पद के लिए हुए चुनाव में भी स्थिति तकरीबन जस की तस रही और आमने.सामने के मुकाबले में कुल 132 मतों में से राजपाल को 60 मत प्राप्त हुए तो सुमन रानी को 72 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार सुमन रानी भी 12 मतों से विजयश्री प्राप्त करके दूसरी बार सचिव चुनी गई। यह जानकारी देते हुए इलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष रिटनिंर्ग ऑफिसर नरेंद्र कुमार बागोतिया ने बताया कि इसके अलावा उपप्रधान पद के लिए जयपाल तथा सहसचिव पद के लिए प्रशांत कुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिए सतीश कुमार, ऑडिटर पद के लिए रजनीश कुमार एक.एक प्रत्याशी होने की वजह से इन सभी को पहले ही निर्विरोध चुना जा चुका है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजय हुए खेमे में खुशी छा गई और विजय हुए प्रत्याशियों को फूल.माला पहनाकर स्वागत किया।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए वेबिनार का होगा आयोजन, यूटयूब लाइव प्रसारण : अध्यक्ष

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित करवाई जाने वाली सेकेण्डरी एवं सीनियर सेकेण्डरी वार्षिक परीक्षा फरवरी व मार्च 2024 के परिणाम में सुधार के लिए 18 दिसम्बर को 11:00 बजे यूटयूब लाइव के माध्यम से निदेशालय, सैकेण्डरी शिक्षा, हरियाणा के सहयोग से वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने संयुक्त रूप से बताया कि फरवरी व मार्च.2024 में संचालित होने वाली सेकेण्डरी एवं सीनियर सेकेण्डरी की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम में गुणात्मक सुधार के लिए प्रयास किए गए है, उनको सार्थक रूप देने के लिए प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, उप.जिला शिक्षा अधिकारियों,खण्ड शिक्षा अधिकारियों, राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों के मुखियाओं एवं सैकेण्डरी व सीनियर सेकेण्डरी कक्षाओं को पढ़ाने वाले प्राध्यापकों व अध्यापकों के साथ 18 दिसम्बर को एक वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। इस ऑनलाइन वेबिनार में यूटयूब लाइव के माध्यम से सभी सम्बन्धित को बोर्ड द्वारा करवाया जा रहा है।

## बार एसोसिएशन चुनावों को लेकर पहुंचे दो आब्जर्वर

**लोहारू।** शुक्रवार को लोहारू बार एसोसिएशन के होने वाले चुनाव को लेकर बॉर काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा द्वारा भेजे गए दो आब्जर्वर के चलते चुनाव विवादों में उलझता नजर आया। जिसमें एक आब्जर्वर महिला अधिवक्ता मुकेश चौहान तंवर ने प्रधान पद के दो उम्मीदवारों में से एक का नामांकन कथित रूप से रद्द किए जाने के बाद दूसरे उम्मीदवार सुरेंद्र सिंह को प्रधान घोषित कर दिया। जबकि दूसरे आब्जर्वर ओमप्रकाश पोटलिया ने कहा कि इस मामले में बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगने की बात कही है।



**लोहारू।** प्रधान घोषित किए जाने के बाद सुरेंद्र सिंह को बधाई देते हुए आब्जर्वर मुकेश चौहान तंवर तथा अधिवक्तागण।

बार चुनावों से ठीक एक दिन पहले लोहारू बार एसोसिएशन की चुनाव कमेटी के चेयरमैन और दो सदस्यों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। बहरहाल इन चुनावों को लेकर वकीलों के दो पक्ष बनते दिखाई दे रहे हैं। बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा से आब्जर्वर के रूप में पहुंची महिला एडवोकेट मुकेश चौहान तंवर ने कहा कि बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के निर्देश पर आज लोहारू बार एसो. में सचिव पद का चुनाव होना था, लेकिन कोर्ट में रिट होने के चलते उस चुनाव को हॉल्ड पर रख दिया गया है। जबकि बार काउंसिल की हिदायतों के अंतर्गत प्रधान पद का एक नामांकन रद होने पर सुरेंद्र सिंह को प्रधान घोषित कर दिया।

### सीएम फ्लाइंग ने मारे छापे, कर्मचारियों में हड़कम्प

# ऑपरेटर के पास मिले 54 सरपंचों व ग्राम सचिवों के डोंगल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

शुक्रवार दोपहर बाद सीएम फ्लाइंग ने बीडीपीओ कार्यालय में छापा मारा। छापे के दौरान कम्प्यूटर ऑपरेटर के पास 54 गांवों के सरपंचों व ग्राम सचिवों के डोंगल मिले,जिनमें सरपंचों के डिजिटल साइन होते है। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान सीएम विंडो के 34 मामले पेंडिंग मिले। इस बारे में उड़नदस्ते ने अधिकारियों को जवाब मांगा तो वे जवाब नहीं दे पाए। छापे के बाद कार्यालय में हड़कम्प मच गया। जानकारी के अनुसार दोपहर बाद सिंचाई विभाग के एसडीओ बजरंग लाल की अगुवाई में गुप्तचर ईकाई के इंचार्ज निरीक्षक सुनील कुमार, सीएम फ्लाइंग के उ् नि राजबीर सिंह अपनी टीम के साथ बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे। सबसे पहले टीम ने कर्मचारियों की हाजिरी चेक की। अधिकांश कर्मचारी हाजिर मिले। उसके बाद कार्यालय में आई कुल सीएम 2594 सीएम विन्डो में से 34 पेंडिंग पाई गई। इसी तरह प्रधानमन्त्री आवास योजना के कुल 827 केसों में से 06 पेंडिंग, फ़्लाइंग जांच में पाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के फॉर्म भी पेंडिंग पड़े है। तथा एक अन्य योजना के 92 कार्य में से 24 कार्य की प्रक्त्रिया पैडिंग पाई गई। टीम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, देवेंद्र सिंह, विनोद व बजरंग लाल , सोमबीर कादयान बवानीखेड़ा अतिरिक्त चार्ज भिवानी अजित सिंह आदि शामिल थे। सीएम फ्लाइंग के ड्यूटी मजिस्ट्रेट बजरंग ने बताया कि रेड के दौरान पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना व अन्य कई प्रोजेक्टों की फ़ इलें पेंडिग मिली है। यही नहीं, कम्प्यूटर ऑपरेटर के पास 54 सरपंचों व ग्राम सचिवों के डोंगल मिले हैं। ये वहीं डोंगल हैं जिनमें सरपंच व सचिव के डिजिटल सिग्नेचर होते हैं, जो लाखों करोड़ों रूपये के विकास कार्योर् की पेयमेंट के लिए प्रयोग होते हैं। ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पास डोंगल होना, बड़ा गंभीर मामला है, जिसकी जाँच की जा रही है।



**भिवानी।** रिकार्ड की जांच करती सीएम फ्लाइंग का दस्ता। फोटो : हरिभूमि

**क्या कहते हैं अधिकारी:** बीडीपीओ डॉ. सोमबीर कादयान सीएम फ्लाइंग की रेड के बाद मिली खामियों को लेकर सफ़ाई देते नज़र आए। उन्होंने माना की कुछ ख़ामियाँ मिली हैं। पर साथ ही सफ़ाई दी कि कम्प्यूटर ऑपरेटर के पास डोंगल सरपंचों व सचिवों की सहमति से रखे गए थे। उन्होंने कहा कि बिना सरपंच की उपस्थिति में ऑपरेटर अकेला डोंगल से कोई पेयमेंट नहीं कर सकता। साथ ही कहा कि सरकार ने पेयमेंट के लिए बैंक बदला है।

## गीता महोत्सव में दिखेगी अध्यात्म व मनोरंजन के संगम की झलक, 22 और 23 को होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

22 व 23 दिसंबर को शहीद दलबीर सिंह मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नजदीक झाडू सिंह चौक परिसर में आयोजित होने वाले गीता महोत्सव में एक ही स्थान पर अध्यात्म व मनोरंजन का अनोखा समावेश देखने को मिलेगा। शिक्षण संस्थाओं की टीमें और कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनोरंजन होगा और प्रदर्शनी, शोभा यात्रा व श्लोकोच्चाण आदि द्वारा लोगों को अध्यात्म से रूबरू होने का मौका भी मिलेगा।

सभी जिलों में जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन 22 व 23 दिसंबर को किया जा रहा है और कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 7 दिसंबर से 24 दिसंबर तक हो रहा है। जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन शहीद दलबीर सिंह मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नजदीक झाड़ु सिंह चौक परिसर में किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। पहले दिन हवन यज्ञ के साथ महोत्सव का आगाज होगा और आयोजन के दौरान दोनों दिन प्रदर्शनी लगाई जाएगी। गीता महोत्सव के दौरान दोनों दिन लोगों को एक ही स्थान पर अध्यात्म और मनोरंजन का अनोखा समावेश देखने को मिलेगा। श्रीमद्भागवत गीता का जीवन में महत्व को लेकर महोत्सव के दौरान श्लोकोच्चारण करवाया जाएगा।





एक शेर की दहाड़ इतनी तेज़ होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।



कुत्तों की आबादी के मामले में अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।

# एम फिल कैसे करें और कैसे बनाएं अपना करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

एम फिल कोर्स के बारे में अधिक विद्यार्थियों को जानकारी नहीं है। इसीलिए आज के इस आर्टिकल में हम आपको एम फिल कोर्स की पूरी जानकारी बताएंगे, जिसके बाद आपको पता चल जाएगा कि एम फिल क्या है। एमफिल कोर्स करने की प्रक्रिया क्या है तथा एम फिल कोर्स में क्या क्या सिखाया जाता है। उसके बाद आप यह तय कर पाएंगे कि एम फिल कोर्स आपको करना चाहिए या नहीं, क्या आप के लिए एम फिल कोर्स बेहतरीन साबित हो सकता है या नहीं। साथ ही आप एम फिल कोर्स के बारे में पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक प्राप्त कर लेंगे और एम फिल कोर्स को करने के बाद होने वाले फायदों के बारे में भी जान लेंगे।

## एम फिल की फुल फॉर्म

एम फिल का फुल फॉर्म मास्टर ऑफ फिलॉस्पी होता है और हिंदी में फिलॉस्पी के तहत मास्टर की डिग्री हासिल करना होता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि एम.फिल एक पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स है। किसी भी स्ट्रीम जैसे साइंस, कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज, लॉ के छात्र टीचिंग कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को आप 2 साल में पूरा कर सकते हैं। इस कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के साथ-साथ थ्योरी भी पढ़ाई जाती है। जिससे विद्यार्थियों को इस विषय में रुचि आने लगती है और वे आगे के चैप्टर को पढ़ने के लिए उत्सुक रहते हैं बता देते हैं कि इस विषय में रिसर्च भी करनी होती है और उसे प्रकाशित भी करना होता है। एम फिल कोर्स करने के बाद अपने सब्जेक्ट में पीएचडी भी कर सकते हैं।



## एम फिल करने के फायदे

एम फिल कोर्स के अंतर्गत निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम को लंबे समय से एक मास्टर डिग्री और पीएचडी कार्यक्रम के बीच एक क्रॉस के रूप में देखा गया है। यह पाठ्यक्रम उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार के निर्माण विभिन्न प्रकार के अनुसंधान की बारीकियों के बारे में ज्ञान देता है। विभिन्न प्रकार के विषय के बारे में छात्रों के मस्तिष्क को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विषय के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के अनुसंधान कौशल को सिखाया जाता है। विभिन्न प्रकार के बड़े पैमाने पर ज्ञान को प्रदर्शित किया जाता है। इसीलिए यह पाठ्यक्रम और यह काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। अगर आप इस परीक्षा को करते हैं तो एक सफल व्यक्ति बन जाते हैं साथ ही आपकी बुद्धि का विकास हो जाता है। एम फिल कोर्स को करने के बाद आप अच्छे वेतन और अन्य विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि एमफिल कोर्स को आप अधिकतम 200000 खर्च करके कर सकते हैं। लेकिन उसके बाद आप प्रतिवर्ष 600000 तक भी आसानी से कमा सकते हैं।

## ऐसे मि

### निर्धारित सब्जेक्ट

एमफिल कोर्स में एक से अधिक विषय हैं। इन अलग-अलग विषयों के आधार पर एमफिल कोर्स को कराया जाता है, जिसमें आपको फिलॉसफी पढ़ाया जाता है इसमें एजुकेशन से लेकर इकोनामिक और मैनेजमेंट से लेकर इंग्लिश तथा साइकोलॉजि भी शामिल है। तो एमफिल कोर्स के लिए निर्धारित किए गए सब्जेक्ट इस प्रकार है —

एम फिल इन साइक्लॉजी
एम फिल इन इकोनोमिक्स
एम फिल इन मैनेजमेंट
एम फिल इन इंग्लिश

### योग्यताएं

आवेदक का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा पास होना चाहिए। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा को किसी भी स्ट्रीम से पास कर सकता है। उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकता है। लेकिन 12वीं कक्षा पास करने के बाद स्नातक की डिग्री का होना आवश्यक है। एमफिल कोर्स करने के लिए स्नातक डिग्री 55% अंक के साथ प्राप्त करनी होगी। इस कोर्स के लिए आवेदन करने वाले आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5% की छूट मिल जाती है। नेट, एसईटी या गेट जैसी परीक्षाएं करने के बाद भी न्यूनतम निर्धारित संख्या में कुछ छूट है। बता देना कि इस कोर्स के लिए आवेदन करने की कोई उम्र सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

### ऐसी रहेगी आवेदन प्रक्रिया

आवेदन करने के लिए सबसे पहले एक विश्वविद्यालय का चयन करें। अब उस विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे। ऑफिशल वेबसाइट पर पंजीकरण करके अपना अकाउंट बनाएं। अब वेबसाइट पर दर्शाए गए सभी को समय से अपने कोर्स का चयन करें। अब आपके सामने एक आवेदन फार्म ओपन हो जाएगा। अब इस आवेदन फार्म को सही ढंग से भरे। आवेदन फार्म में पहुंची हुई सभी जरूरी जानकारी जैसे शैक्षणिक योग्यता, नाम, पता, श्रेणी इत्यादि दर्ज करें।

## रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आट्र्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर

अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आट्र्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।



### असिस्टेंट लोको पायलट

आट्र्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आट्र्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आट्र्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है।
आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

**रेलवे ग्रुप डी की नौकरी**

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आट्र्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आट्र्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आट्र्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# क्षमताओं को ध्यान में रखकर ही अपने करियर का चयन करें छात्र



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

पॉजिटिव सोच एक शक्तिशाली और महत्वपूर्ण मानव गुण है जो किसी भी क्षेत्र में सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब कोई छात्र अपने करियर का चयन करने के लिए कदम रखता है, तो उसे अपने लक्ष्यों को अपनी क्षमताओं के साथ मेल करना चाहिए। यह सोचना कि मैं क्या कर सकता हूं, बहुत ही महत्वपूर्ण है। व्यक्ति को अपनी क्षमताओं को समझना और स्वीकार करना चाहिए, ताकि उसे वह कार्य मिले जिसमें उसका रुचि हो और जिसमें उसमें समर्थ होने की क्षमता हो। एक छात्र को अपने लक्ष्यों की दिशा में सकारात्मक सोचने से उसे आत्म-समर्थन मिलता है। यह सोच उसे निरंतर उत्साही और संबोधित करती है, जिससे उसकी कार्यक्षमता में सुधार होता है।

## उपयुक्त स्त्रोतों का सही उपयोग करना जरूरी

किसी भी करियर का चयन करना एक महत्वपूर्ण निर्णय है, इसलिए छात्र को अपनी रुचियों, रूचिओं, और रूचिओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए। समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उपयुक्त स्रोतों का सही से उपयोग करना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों, परिवार के सदस्यों, और पेशेवरों से सहायता प्राप्त करना छात्र को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में मदद कर सकता है। कई बार, छात्र अपने आत्मविश्वास को खो बैठते हैं या डर के कारण सही निर्णय नहीं ले पाते हैं। इस स्थिति में, सकारात्मक सोच एक महत्वपूर्ण साथी बन सकती है जो छात्र को उत्साहित करती है और उसे सही मार्ग पर ले जाने में सहायक होती है। यदि छात्र अपनी क्षमताओं को सही तरीके से पहचान लेता है और उन्हें विकसित करता है, तो उसका करियर समृद्धि और संवृद्धि की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। सही मार्ग का चयन करने से छात्र को विभिन्न क्षेत्रों में नए और चुनौतीपूर्ण कार्यों का सामना करने का अवसर मिलता है जिससे उसका व्यक्तिगत और पेशेवर विकास होता है। समाप्त करते समय, यह आवश्यक है कि छात्र अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतछात्र को समाप्त करते समय यह आवश्यक है कि वह अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहे और उन्हें हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। इसमें आत्म-मोटिवेशन, समर्पण, और संघर्ष की भावना समाहित होनी चाहिए। छात्र को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। आत्म-मोटिवेशन की आवश्यकता है ताकि वह अपने क्षमताओं और प्रतिबद्धता के साथ कठिनाइयों का सामना कर सके और हासिल करने के लिए समर्पित रह सके। विफलता का सामना करना स्वाभाविक है, लेकिन इससे हार नहीं मानना चाहिए। संघर्ष एक अविभाज्य हिस्सा है जो सफलता की दिशा में बढ़ने में मदद करता है। लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पण एक अनिवार्य गुण है। छात्र को अपने काम में पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए ताकि उसकी मेहनत में अंत में सफलता मिले।

## आत्म मूल्यांकन जरूरी

समाप्ति के समय, छात्र को आत्म-मूल्यांकन करना चाहिए ताकि वह अपनी साकारात्मकता को बनाए रख सके और अगले कदमों के लिए तैयार रहे। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन निरंतर सहायक होते हैं। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि उसकी सक्सेस की चाबी उसकी सोच और क्रियाओं में छुपी होती है।क्रियाओं में छुपी होती है। आत्म-मोटिवेशन छात्र को उत्साहित रखने में मदद करता है, जिससे उसकी क्षमताएं और स्वाभाविक प्रतिबद्धता बढ़ती हैं। सकारात्मक सोच उसे आत्म-सुधार की दिशा में प्रेरित करती है और उसे कठिनाइयों का सामना करने की ताकत प्रदान करती है। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि सफलता एक प्रक्रिया है, और इसमें समर्पण और स्थिरता की आवश्यकता होती है। लक्ष्यों की प्राप्ति में आत्म-नियंत्रण और सहानुभूति बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। आत्म-मोटिवेशन के माध्यम से, छात्र अपनी सक्सेस की ऊंचाइयों तक पहुँचने के लिए अपनी सीमाएं बढ़ा सकता है। इससे उसमें आत्म-विश्वास बना रहता है और वह अपनी सीमाओं को पार करने के लिए तैयार होता है। सकारात्मक सोच छात्र को आत्म-प्रेरणा प्रदान करती है जिससे उसमें संघर्ष की भावना बनी रहती है। छात्र को यह याद रखना चाहिए कि हर कदम एक नया सिखने का अवसर होता है और हर चुनौती एक मौका है अपनी क्षमताओं को साबित करने का। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन छात्र को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत में सबसे ऊंचा जलप्रपात कौन - सा है ?
(ए) शिमसा जलप्रपात
(बी) होगेनक्कल जलप्रपात
(सी) कोर्टास्लम जलप्रपात
(डी) जोग जलप्रपात

**2.** विश्वविख्यात जोग या गरसोप्पा जलप्रपात किस राज्य में स्थित है ?
(ए) कर्नाटक
(बी) महाराष्ट्र
(सी) आ. प्र.
(डी) केरल

**3.** जोग या गरसोप्पा जलप्रपात का नया नाम क्या है ?
(ए) सरदार पटेल जलप्रपात
(बी) महात्मा गांधी जलप्रपात
(सी) जवाहरलाल नेहरु जलप्रपात
(डी) इंदिरा गांधी जलप्रपात

**4.** जोग जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) शरावती
(बी) कावेरी
(सी) नर्मदा
(डी) चम्बल

**5.** धुआंधार जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) इन्द्रावती
(डी) चम्बल

**6.** कपिल धारा जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) तापी
(बी) शरावती
(सी) नर्मदा
(डी) इन्द्रावती

**7.** शिवसमुद्रम जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा नदी
(बी) कृष्णा नदी
(सी) गोदावरी नदी
(डी) कावेरी नदी

**8.** गोकक जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) कावेरी
(बी) ताम्रपर्णी
(सी) शरावती

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं की मजबूती के कारण पाई सत्ता : साहिल

**भिवानी।** दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम में भाजपा नगर मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुखों की दूसरे सत्र की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल भिवानी के अध्यक्ष विनोद चावला ने की। इस मौके पर भिवानी विधानसभा के विस्तारक साहिल गुल्यानी विशेष तौर पर पहुंचे, जिन्होंने शक्ति केंद्र प्रमुखों को ओर अधिक सुदृढ़ रहने सबंधी जरूरी जानकारी दी।



### जरूरतमंदों की सेवा को आगे आएं युवा : हरबीर

**भिवानी।** रेडक्रास भवन में रेडक्रास सोसायटी के आजीवन सदस्यत शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा, पालेराम ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल व भगवत कौशिक को सीटीएम हरबीर सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी दी गई।



### केएम स्कूल के छात्रों का रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**भिवानी।** अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय गीता महोत्सव पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें केएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गोंर् में आयोजित की गई। कनिष्ठ वर्ग से श्लोकोच्चारण में कार्तिक ने प्रथम, निबंध लेखन में यूनिस्का ने प्रथम, गीता प्रश्नोत्तरी में अंशिका अनन्या तथा यशांक ने प्रथम तथा भाषण में काश्वी सिंह ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रथम विजेता को 2100 रुपये व प्रमाण पत्र तथा द्वितीय विजेता प्रतिभागी को 1500 रुपए व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने करवाया आयोजन

# 100 मीटर दौड़ में बिमला बहल, 300 में पिंकीपाटवान और 400 में सोनिका प्रथम

कार्यक्रम में सुपरवाइजर ममता, वंदना, ललिता विशेष तौर पर सहयोगी रही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल





**बहल।** प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करते हुए, खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते एसडीएम नवीन कुमार।

महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा बहल ब्लॉक में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवम बाल विकास विभाग अधिकारी विभूति रही। विशिष्ट अतिथि बीडीपीओ विनोद सांगवान रहे। कार्यक्रम में सुपरवाइजर ममता, वंदना, ललिता विशेष तौर पर सहयोगी रही।

कार्यक्रम की एंकारिता मनोज कुमारी द्वारा की गई। प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस,मटका रेस,आलू चमच रेस, तीस वर्ष से उपर की महिलाओं द्वारा करवाई गई। 300 मीटर रेस,400 मीटर रेस,साइकिल रेस में 18 वर्ष से 30 वर्ष तक की महिलाओं द्वारा करवाई गई। खिलाड़ियों को उत्साह और मनोबल बढ़ाने में कोच डीपी का विशेष योगदान रहा। महिलाओं की इस खेल प्रतियोगिता में सहायक सुखबीर अनिता ऑपरेटर ,कविता क्लर्क ,गवर्नमेंट स्कूल के पीटीआई विष्णु कुमार, डॉक्टर सुभाष नांदल,स्नेहलता,राकेश एससीपीओ आदि अतिथिगण ने शिरकत की। प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस में बिमला बहल ने पहला, दर्शना गोपालवास ने दूसरा,राजेश बैरान ने तीसरा और 300 मीटर रेस में पिंकी पाटवान ने पहला मुस्कान दूसरा,मोनिका ने तीसरा 400 मीटर रेस में सोनिका ने पहला ,कशिश दूसरा,सोनिया ने तीसरा,मटका रेस में मंजीता ओबरा पहला,सरोज दूसरा,नीलम ने तीसरा, आलू चमच रेस में उर्मिला ने पहला,कविता ने दूसरा,आशा ने तीसरा,साइकिल रेस में सरिता बहल ने पहला,पूजा बहल ने दूसरा,और प्रियंका स्लेमपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं को सरकार द्वारा भी पहले स्थान पर आने वाले विजेता को 2100 रुपए और दूसरे स्थान पर आने वाले विजेता को 1100 रुपए और तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता को 750 रुपए दिए जायेंगे। कार्यक्रम में सीडीपीओ विभूति द्वारा महिला एवम बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के बारे में विशेष तौर पर पर जानकारी दी। कार्यक्रम मे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला हरियावास,सीमा ओबरा,सीमा मंडोली कलां ,मोनिका बहल, अनिता आदि उपस्थित रहीं।

## महिलाओं को सेहत के प्रति होना चाहिए जागरूक : एसडीएम

**चरखी दादरी।** महिलाओं को अपनी सेहत पर विशेष ध्यान देना चाहिए। महिलाएं स्वस्थ होंगी तभी परिवार को स्वस्थ रखने के लिए कार्य कर सकती हैं और इसके लिए खेल एवं व्यायाम बेहतरीन विकल्प है। एसडीएम नवीन कुमार ने चरखी स्थित एससीआर स्कूल में आयोजित ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर ये बात कही। उनके साथ स्कूल के निदेशक वीरेन्द्र फौगाट टीनू व रमेश कुमार भी उपस्थित रहे। एसडीएम ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का स्वस्थ रहना पूरे परिवार के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सेहत के प्रति जागरूक होना चाहिए। खेल व व्यायाम के माध्यम से सेहत को मजबूत रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेहतमंद महिला पूरे परिवार को स्वस्थ रख सकती है, आज के दौर में महिलाएं किसी से पीछे नहीं है। जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को घर की चार दिवारी से बाहर निकलकर अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर का फायदा उठाना चाहिए। जिम्मेदारियां के साथ-साथ स्वयं को भी तरासने का हुनर केवल महिलाएं ही रखती है। प्रतियोगिता में ग्रामीण महिलाओं ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया।

## श्रीबालाजी स्कूल में 41वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**भिवानी।** गाँव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 14 दिसंबर से शुरू हुई 41वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जो कि 17 दिसंबर तक चलेगी। इस बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय संचालिका रेणुका शर्मा व प्रधानाचार्या राजेश्वरी श्योराण ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी सतपाल टांक ने किया। इस मौके पर प्रतियोगिता में विशेष रूप से हरिओम कौशिक चेयरमैन नेशनल नेटवाल डेवलपमेंट कमेटी तथा नेटवाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव वीजेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 28 राज्यों के पुरुष वर्ग के 330 के करीब खिलाड़ी व कोच व मैनेजर भाग ले रहे हैं।

## जींद में राष्ट्र स्तरीय सैनी महाकुंभ कल

**भिवानी।** सूर्यवंशी महाराजा शूरसैनी जयंती के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर को जींद में सैनी महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से सैनी समाज के लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। सैनी महाकुंभ के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली सैनी समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। ये जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी ने दी। सैनी बताया कि महाकुंभ की जानकारी देश के प्रत्येक ब्लॉक स्तर तक पहुंचाने के लिए सैनी महापंचायत संगठन के पदाधिकारी निमंत्रण अभियान चलाए हुए थे।

## गीता में छिपा है जीवन की प्रत्येक समस्या का समाधान : चरंदास

**भिवानी।** युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा 18 से 25 नवंबर तक हनुमान ढ़ानी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में गीता जयंती महोत्सव हषार्ेल्लास से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सानिध्य बालयोगी महंत चरंदास का रहेगा। 8 दिवसीय गीता जयंती कार्यक्रम का शुक्रवार को क्लेंडर विमोचन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के सेवक रमेश सैनी व पर्यावरण प्रहरी विजय सिंघमार ने बताया कि कार्यक्रम से पहले 17 नवंबर को शहर में कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं कथा का वाचन करुणा गिरी करेंगे। इस मौके पर बालयोगी महंत चरंदास ने कहा कि गीता हमारे देश का राष्ट्रीय ग्रंथ है। गीता में हमारे जीवन की प्रत्येक समस्या का समाधान छिपा हुआ है।

# पोस्टर मेकिंग में भाविनी प्रथम

- नेहरू पार्क में पौधरोपण एवं शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** वार विडो को सम्मानित करते एसपी वरुण सिंगला।

11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रणधीर सिंह की अध्यक्षता में विजय दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्यतिथि के रूप में एसपी वरुण सिंगला,वैश्य के शिवरत्न गुप्ता, पवन कुमार बुवानीवाला ने शिरकत की। सर्वप्रथम कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रणधीर सिंह ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात एसपी सिंगला की उपस्थिति में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसमें वैश्य महाविद्यालय, महाराजा नीमपाल महाविद्यालय एवं बीएलजेएस तोशाम महाविद्यालय के कैडेट्स शामिल रहे।

इस अवसर पर गणमान्य सदस्यों एवं कैडेट्स को 1971 वार पर आधारित लघु वीडियो दिखाई, जिसमें भारत के वीर शहीदों की कुर्बानी एवं बांग्लादेश के निर्माण की पूरी कहानी दिखाई गई। तत्पश्चात वार विडो एवं उनके आश्रितों को समृद्धि चिन्ह एवं शॉल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका लेफ्टिनेंट डॉक्टर रीना एवं थर्ड ऑफिसर सुमन ने निभाई।

# सर जीन हेनरी डयूना को किया नमन

- जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष नरेश नरवाल के कुशल मार्गदर्शन में 11 से 15 दिसम्बर 2023 तक रेडक्रॉस भवन में चलने वाले जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह हरबीर सिंह, नगराधीश की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्यातिथि हरबीर सिंह नगराधीश का प्रदीप कुमार सचिव जिला रेडक्रॉस शाखा द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान अभिनंदन किया गया। उसके उपरांत रेडक्रॉस सोसायटी के संस्थापक श्री सर जीन हेनरी डयूना की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जलवित एवं पुष्प अर्पित किए गए। नगराधीश हरबीर सिंह ने कहा कि जनकल्याणकारी गतिविधियों को सफल बनाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों, साथियों एवं समाज को अवश्य शेयर करें ताकि एक सशक्त समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करने में यह शिविर मील का पत्थर साबित हो सकता है। रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि शिविर में जिले भर के 20 राजकीय विद्यालयों से आए 80 जूनियर एवं 20 कॉउंसलर भाग ले रहे है जिनको शिविर के दौरान विभिन्न विषयों की जानकारियां जैसे रेडक्रॉस का इतिहास की जानकारी दी।

### 80 जूनियर एवं 20 कॉउंसलर की टीमों को किया सम्मानित

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों 80 जूनियर एवं 20 कॉउंसलर की टीमों को नगराधीश हरबीर सिंह एवं सचिव रेड क्रॉस प्रदीप कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर सहायक सचिव मनोरंजन शर्मा, उप अधीक्षक जय भगवान, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार, लिपिक सीमा रानी, आरसीआईटी प्रबन्धक संजय कामरा,गोविंद, लेखाकार केशव, रिसोर्स पर्सन मा. अजय श्योराण, सतीश फौगाट, डॉ. हरेंद्र पूनिया, कॉउंसलर सीताराम, नरेंद्र, सुरेंद्र, रामकिशन भाटी, बिरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, सुषमा लता, अनिल कुमार, सुनीता, जय भारती, देवराज सहित 80 जूनियर्स उपिस्थ रहे।

## जैन परिवार ने बालाजी मंदिर में चढ़ाया लाखों रुपये से बना स्वर्ण श्रृंगार



**तोशाम।** किसी ने सही कहा है कि भगवान के प्रति मन में अटूट श्रद्धा एवं आस्था हो तो मानव के लिए सोना-चांदी व लाखों रुपये सब फिके हैं, ऐसा ही वाक्या भगवान परशुराम जनसेवा समिति तोशाम के अध्यक्ष सुनील शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में केसी जैन परिवार ने बेटे रिदम के जन्मदिन पर सालासर बालाजी मंदिर पहुंचकर लाखों रुपये की लागत से बना स्वर्ण श्रृंगार दान किया। उन्होंने मंदिर में विभिन्न प्रकार के भोग एवं भंडारा लगवाकर लाखों रुपये खर्च किए। उल्लेखनीय है कि केसी जैन परिवार की आस्था काफी समय से सालासर बालाजी मंदिर से जुड़ी हुई है। गत 14 दिसंबर को उनके बेटे रिदम का जन्मदिन था, जिस पर उन्होंने मंदिर में पहुंचकर भगवान के समक्ष मत्था टेका और स्वर्ण श्रृंगार चढ़ाकर बालाजी से आशीर्वाद लिया। समिति के अध्यक्ष सुनील शर्मा व फरीदाबाद निवासी दीपक कालड़ा परिवार को बतौर अतिथि आमंत्रित किया। उन्होंने अपने बेटे का जन्मदिन किसी रेस्टोरेंट व होटल में मनाने की बजाय भगवान के दरबार में मनाकर आस्था एवं श्रद्धा का संदेश दिया हैं। इस मौके पर केसी जैन, दीपक जैन, सुनील शर्मा, दीपक कालड़ा, ईश्वर शर्मा आदि मौजूद थे।

# पुलिस के जवान युवाओं को देंगे खेल टिप्स

- दादरी जिले के 18 गांवों के लिए 22 पीएसओ तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



दादरी जिला पुलिस अब युवाओं को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित तो करेगी ही बल्कि ग्राम स्तर पर खेल के टिप्स भी देंगे। इसके लिए 18 गांवों में 22 स्पेशन पुलिस फोर्स के जवान (एसपीओ) को नियुक्त किया गया है। ये एसपीओ फौज में खिलाड़ी रह चुके हैं।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक निकिता गहलोत ने इस विशेष अभियान का शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत ने बताया पूरे प्रदेश में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई गई है। दादरी जिले में इस मुहिम को सफल बनाने के लिए डीएसपी सुभाष चन्द्र को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं पुलिस विभाग द्वारा इस मुहिम के अंतर्गत जिला दादरी के छोटे व बड़े 18 गांव व 4 वाडोंर् को चिन्हित कर किया गया है। पुलिस में कार्यरत रिटायर्ड फौजी(एसपीओ) जिनकी उम्र 50 वर्ष से कम है। जो सेना व पैरामिलिट्री में खेलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, उनको इन गांव में नियुक्त किया गया है। ये युवाओं को ऐसे खेल परिसर जो प्रयोग में नहीं ले जा रहे हैं उनकी साफ सफाई करवाकर विभाग के खिलाड़ियों , कर्मचारियो द्वारा वहां सुबह व शाम में युवाओं को स्टेडियम में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यहां से

### युवा खेलों में अपनी प्रतिभा से प्राप्त करें सफलता

पुलिस अधीक्षक ने निकिता गहलोता ने कहा कि पुलिस विभाग में चिन्हित किए गए गांवों में एसपीओ खिलाड़ियों की नियुक्ति की कर दी गई। जिला पुलिस का प्रथम कार्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण व समाज निर्माण में अपनी भागीदारी बढ़ाना व खेलों के द्वारा अपनी प्रतिभा से सफलता प्राप्त करना। युवाओं को नशे से दूर रखना व अन्य लोगों को भी नशे से दूर रखने का संदेश देना है। वहीं पुलिस के ग्राम व वार्ड प्रहरी कई माह से नशा बेचने का कार्य करने वाले आरोपियों का रिकॉर्ड तैयार कर रहे हैं।

खिलाड़ियों की टीम तैयार कर जिला स्तरीय व प्रदेश स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# योजनाओं का लाभ मिलना प्रत्येक पात्र नागरिक का हक



**चरखीदादरी।** ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते जिला अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

- सरकार की ओर से की जा रही लाभ पहुंचाने की व्यवस्था
- विकसित भारत यात्रा के तहत आठ स्थानों पर हुए कार्यक्रम

जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभ लेना प्रत्येक पात्र व्यक्ति को हक है। सरकार की ओर से ऐसे सभी नागरिकों को उनके अधिकार और हक प्रदान करने के लिए व्यवस्था की जा रही है। विकसित भारत यात्रा के तहत किए जा रहे कार्यक्रमों के माध्यम से यह कार्य सुनिश्चित किया जा रहा है। भाजपा जिला महामंत्री राजेश बंटी ने घिकाड़ा गांव में ग्रामीणें से रूबरू होते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से पात्र नागरिकों को लाभ देने के लिए ही योजनाओं की शुरूआत की जाती है। ऐसे में प्रत्येक पात्र व्यक्ति का हक है कि उसे योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए सरकार की ओर से व्यवस्था की जा रही है।

इसी कड़ी में प्रत्येक गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है और लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। अभी तक यात्रा द्वारा जिला के आधे से भी ज्यादा गांवों को कवर किया जा चुका है और इस दौरान हजारों लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाया गया है। किसी का परिवार पहचान पत्र ठीक किया गया है तो किसी को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करवाया गया है। इस दौरान हजारों लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी हुई है। शुक्रवार को जिला के छह गांवों और नगर परिषद में दो स्थानों पर कुल आठ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रोज गार्डन व तिकोना पार्क, घिकाड़ा, साहुवास, ढाडी छिल्लर, दूधवा, कारीदास व कारी धारणी के कार्यक्रमों में भाजपा के जिलाध्यक्ष सतेंद्र परमार, नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी, एडीसी डॉ. जयेन्द्र सिंह, सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक, एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम नवीन कुमार, ओमबीर महराणा, राजेश बंटी आदि ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

अतिथियों ने उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई और विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का भी अवलोकन किया। इस मौके पर धरती कहे पुकार के नाटक और माटी करे पुकार गीत की प्रस्तुति भी दी गई।

### यात्रा कार्यक्रमों में पीएम मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण

**भिवानी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत 16 दिसंबर शनिवार को चार बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना संदेश देंगे, जिसका सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। जिला में दोपहर बाद चार बजे गांव मंढाणा,गारनपुरा कलां, आसलवास मरहेटा तथा गिगनाऊ में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि फिलहाल जिला में चार वैन के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक वैन द्वारा दो गांव कवर किए जा रहे हैं, जिसमें दो गांव दोपहर से पहले और दो गांवों दोपहर से बाद कार्यक्रम किए जाते हैं। इस प्रकार से प्रतिदिन आठ गांवों में कायक्रमों का आयोजन हो रहा है।

## विस के समानांतर कर्मचारियों ने चलाई कर्मचारी असेंबली

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रस्ताव किया पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** जिला राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

- 18 को पूरे प्रदेश में किया जाएगा कर्मचारी असेंबली का आयोजन

सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर में विधानसभा के समानांतर कर्मचारी असेंबली का सत्र उपायुक्त कार्यालय पर आयोजित किया, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सूरजभान जटासरा ने की तथा मंच संचालन जिला सचिव सहदेव सिंह ने किया।

कर्मचारी असेंबली में दो प्रस्ताव पास किये, पहला प्रस्ताव कच्चे कर्मचारियों की सेवाएं नियमित करने व समान काम समान वेतन के बारे में पौने दो लाख कच्चे कर्मचारियों की समस्याओं पर व्यापक चर्चा के बाद सर्वसम्मति से ये प्रस्ताव पारित किया। ये प्रस्ताव वरिष्ठ उपप्रधान धर्मबीर भाटी ने रखा। वहीं दूसरा प्रस्ताव राज्य के कर्मियों की पुरानी पेंशन बहाली का रखा गया, जिसमें व्यापक रूप से चर्चा की कि सरकार का मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद व विधायकों पर पुरानी पेंशन योजना लागू तो प्रदेश के कर्मचारी की पुरानी पेंशन आखिर क्यों बंद की गई और उन्हें 1 जनवरी 2006 से नई पेंशन स्कीम से जोड़ा गया। उन्होंने मांग की कि जनवरी 2006 से नियुक्त कर्मचारियों के लिए नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए, कर्मचारियों की काटी गई राशि जीपीएफ खाते खोलकर ब्याज सहित उसमें स्थानांतरित की जाए। दूसरा प्रस्ताव सकसं के सहसचिव सत्यवीर स्वामी ने रखा तथा सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके बाद दोनों प्रस्ताव का ज्ञापन जिला राजस्व अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल, नेता विपक्ष, प्रतिपक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष के नाम भेजे गए। इस मौके पर रामफल देशवाल, कामरेड ओमप्रकाश, नरेंद्र दिनोद, अनिल सांगवान, सुंदर कोच, सुशील आलमपुर, अनिल, बिमला घणघस आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्राचीन औजारों को पुरातत्व विभाग के किया हवाले

**बाढ़ड़ा।** कारी धारणी में वीरवार कुंड की खुदाई के दौरान मिले प्राचीन औजारों को शुक्रवार को पुरातत्व विभाग के हवाले कर दिया है। पुरातत्व विभाग चंडीगढ़ ने सदस्य को बाढ़ड़ा भेजकर खुदाई में मिली वस्तुओं को मंगवाया है। जहां इनकी जांच की जाएगी की वस्तुएं कितनी पुरानी हैं। उल्लेखनीय है कि वीरवार को बाढ़ड़ा उपमंडल के गांव कारी धारणी में जेसीबी से कुंड की खुदाई के दौरान जमीन में 10 से 15 फीट नीचे लोहे व पत्थर की कुछ वस्तुएं मिली थी।

### यात्रा के प्रतिभागियों को पीएम करेंगे संबोधित

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शनिवार 16 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रतिभागियों को वर्चुअली संबोधित करेंगे। जिला के बाढड़ा और नगर परिषद के अंबेडकर भवन में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हुई थी।

### राष्ट्र स्तरीय सैनी महाकुंभ कल जींद में

**भिवानी।** सूर्यवंशी महाराजा शूरसैनी जयंती के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर को जींद में सैनी महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश भर से सैनी समाज के लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। सैनी महाकुंभ के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली सैनी समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी ने दी।

### कस्बा में सीवरेज प्रणाली चरमराई,रोड बना तालाब

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में सीवरेज प्रणाली इस कद्र चरमराई हुई है कि लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कस्बा का ऐसा कोई वार्ड नहीं बचा जिसमें सिवरेज की समस्या न हो। बवानीखेड़ा के पुराना कमेटी रोड मुख्य बाजार की हालात बद से बदतर हो चुकी है। जगह जगह सीवरेज लीकेज होने के कारण दुकानदारों व राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कस्बावासियों ने बताया कि इस मार्ग पर कई विद्यालयों के विद्यार्थियों का आवागमन होता है लेकिन बदबू से बीमारी फैलने का भय सताने लगा है।

## समान काम, समान वेतन और पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

# नगर पालिका कर्मचारियों ने टूल एवं पैन डाउन हड़ताल कर जताया विरोध

### नप कार्यालय परिसर में पसरा सन्नाटा, किसी को भी कार्यालय में नहीं करने दिया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। नगर परिषद कार्यालय के बाहर हड़ताल कर धरने पर बैठक कर्मियों को संबोधित करते नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव।

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर परिषद कर्मचारियों ने ईकाई प्रधान सुरेश कुमार की अध्यक्षता में दूसरे दिन भी टूल एवं पैन डाउन हड़ताल रखी। इस दौरान कर्मियों ने नप परिसर के गेट पर तालेबंदी रखी और अधिकारियों व कार्य करवाने वालों को अंदर नहीं जाने दिया। शुक्रवार को दो दिन की टूल एवं पैन डाउन हड़ताल शाम संपन्न हो गई और जल्द ही राज्य स्तरीय बैठक बुलाकर आगामी आंदोलन में कड़ा फैसला करने की चेतावनी दी। उल्लेखनीय हैं कि नगर परिषद के कर्मचारी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर संघर्षरत है और गुरुवार को दो दिन की टूल व पैन डाउन हड़ताल शुरू की थी, जो शुक्रवार शाम को संपन्न हो गई। हड़ताल के दौरान कर्मचारी पूरे दिन नप परिसर के गेट पर धरना लगाकर सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे तथा नप कार्यालय में पूरे दिन कार्य ठप रहा। नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि नप कर्मचारियों से प्रदेश सरकार की 29 अक्तूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को दो बार समाझौता वार्ता हुई थी, जिसे सरकार ने लागू नहीं किया और न ही नोटिफिकेशन जारी किया, जिसकारण कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। इसी के चलते नप कर्मियों ने दो दिन की टूल एवं पैन डाउन हड़ताल रखी और जल्द ही राज्य स्तरीय बैठक बुलाकर आगामी आंदोलन करने एवं कड़ा फैसला लेने की चेतावनी दी। दानव ने बताया कि 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 के समझौते लागू करने, सफाई एवं सीवरमेनो के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति, समान काम-समान वेतन, न्यूनतम वेतन 24 हजार देने, गुरूग्राम नगर निगम में हटाए गए 3480 कर्मचारियों को बहाल करने, झाड़ू भत्ता देने की मांग की जा रही है।

### वेतन विसंगतियां दूर की जाएं : दानव

संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम ने कहा कि कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दुरुस्त किया जाए, ताकि कर्मियों को हो रहे नुकसान की भरपाई हो सके। इसके साथ ही तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट या आवासीय सुविधा दी जाए, ताकि ये अच्छी तरह से जीवनयापन कर सके। डिमिशनिंग काडर में डाले गए पदों एवं छटनी किए कर्मचारियों को बहाल किया जाए। दानव ने कहा कि तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों, फायरमैन एवं ड्राइवरों के नए पद सृजित हो, ताकि कर्मचारियों पर पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ कम हो सके। वहीं योग्यता पूरी करने पर फायर ऑपरेटरों के पदों पर फायर ड्राइवर व फायरमैनों को समायोजित किया जाए।


भिवानी। मांगों को लेकर डॉ. मनीषा को ज्ञापन सौपती नर्सिंग ऑफिसर।

## मांगों को लेकर नर्सिंग ऑफिसर ने काले बिल्ले लगाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नर्सिंग अलायंस एवं नर्सिंग कैडर को गुरप बी में शामिल करने सहित लंबित मांगों को लेकर 15 से 20 दिसंबर तक नर्सिंग ऑफिसर ने ड्यूटी के समय काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रकट करने का फैसला लिया।

सेठ किशनलाल जालान नेत्र अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर ने शुक्रवार को मांगों का ज्ञापन डॉ. मनीषा को सौंपा। नर्सिंग ऑफिसर सुदेश कुमारी व रेखा ने कहा कि वे पिछले लंबे समय से अपनी समस्याओं एवं लंबित मांगों को लेकर संघर्षरत है, लेकिन सरकार उनकी सुनवाई नहीं कर रही है, जो नर्सिंग ऑफिसर के साथ अन्याय हैं। उन्होंने बताया कि वे सभी को 7200 नर्सिंग अनाऊंस जल्द प्रदान करने व नर्सिंग कैडर को ग्रुप बी में शामिल करने के लिए सहित अनेक मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रही है, लेकिन उच्चाधिकारी व सरकार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सरकार व उच्चाधिकारियों के इसी रवैये के चलते 15 से 22 दिसंबर तक प्रदेशभर की नर्सिंग स्टाफ काले बिल्ले लगाकर कार्य करेंगी और अपना विरोध जाहिर करेंगी। इस मौके पर रिम्मी, ज्योति आदि नर्सिंग ऑफिसर मौजूद रही।


भिवानी। धरने को संबोधित करते एक वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## ग्रामीण डाक कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

- हक़ मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष : कुंगड़िया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

ऑल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जारी ग्रामीण डाक कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल घंटाघर स्थित डाक विभाग कार्यालय में शुक्त्रवार को चौथे दिन भी जारी रही। इस दौरान ग्रामीण डाक कर्मचारियो ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की। धरनारत्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया ग्रामीण डाक सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य बलजीत कुंगडिया ने कहा कि ग्रामीण डाक कर्मचारी ग्रामीण डाक सेवकों को 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करनेए 12, 24 व 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तीन समयबद्ध वित्तीय उननयन देने, ग्रेच्यूटी पर अधिकत्तम राशि डेढ़ लाख की सीमा को हटाकर अधिकत्तम राशि 5 लाख बहाल करने, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने, अप्रयुक्त छुट्टियों को 180 दिनों तक आगे बढ़ाने की सुविधा के साथ प्रति वर्ष 30 दिनों की छुट्टी मंजूर करने, समूह बीमा को 5 लाख रूपये तक बढ़ाने की मांग उठा रहे है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। इसी के विरोध में मंगलवार से उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। उन्होंने कहा कि जान कोरोना काल में अपनी जान पर खेलकर सरकारी की योजना, ग्रामीणों तक पहुँचाने की बात थी तो सरकार को ग्राम डाक कर्मियों की याद आ गई थी, अब जब ग्रामीण डाक कर्मियों के हित की बात है तो सरकार अंधी व बहरी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण डाक कर्मी अपने हितों को लेकर जागरूक रह चुके है तथा जब तक उन्हें उनके हक़ नहीं मिल जाते वे संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर दिलबाग प्रधान, राजबीर चिड़िया, लीलाराम ढ़ांडा, जगदीश रोहणात, महेंद्र बवानीखेड़ा, सतीश चांग रोड़, नरेश कलिंगा, सुरेश भानगढ़, महिपाल, गोलपुरा, सतबीर मोडी, अक्षय कुमार मकड़ाना,देवीलाल, भरत सिंह बहल, अशोक काकड़ौली आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने गीता श्लोक पाठ किया

- विवेकानंद हाई स्कूल में गीता पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

जिओ गीता एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान एवं अंतरराष्ट्रीय संत गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में सवा करोड़ गीता पाठ संकल्प अभियान का समापन विवेकानंद हाई स्कूल में सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के बैनर तले उत्साहपूर्वक किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश में संगीतमय अष्टादश गीता श्लोकाच्चारण टीम के प्रदेश प्रभारी ओपी नंदवानी मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर श्रीकृष्ण कृपा परिवार से चंद्रप्रकाश, बोर्ड अधिकारी बालकिशन,श्रीकृष्ण कृपा परिवार यज्ञ प्रमुख पवन मदान, शिक्षाविद ग्रेसी कुट्टी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति सवा करोड़ गीता पाठ संकल्प के समापन समारोह एवं 23 दिसंबर गीता जयंती के दिन 11 बजे एक मिनट एक साथ गीता पाठ कार्यक्रम के शुभारंभ पर उपस्थित रहे। उनके समक्ष विद्यार्थियों ने संगीत में आष्टदाश गीता श्लोक पाठ का उच्चारण किया तथा गीता जयंती में जिन तीन श्लोको का उच्चारण रहेगा, उनका विद्यार्थियों ने संस्कृत और हिंदी भाषा में उच्चारण किया। विद्यार्थियों ने अशोक कुमार भारद्वाज और विद्यालय संचालिका सावित्री यादव के मार्गदर्शन में संगीत में हिंदी अनुवादित गीता पाठ किया।

### कलाकारों ने पेंटिंग के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्त्रम अधिकारी वैशाली के मार्गदर्शन में विभाग की जिला बाल इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कार्यालय में एक कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। इस कायक्रम में हेमंत सैनी कल्चर थिएटर एंड वेलफेयर सोसाइटी के कलाकारों ने पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वच्छता ही सेवा है। हमारे देश के लिए, हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है।

# मुख्यमंत्री का घेराव 24 को : ग्रेवाल

- कर्मचारियों से विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान : जयबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। बस स्टैंड पर रोडवेज कर्मचारी यूनियन की बैठक को संबोधित करते राज्य प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल।

बस स्टैंड पर शुक्रवार को रोडवेज कर्मचारी यूनियन की बैठक यूनियन कार्यालय में डिपो प्रधान बिजेंद्र मिताथल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंच संचालन राजकुमार तालु ने किया। बैठक को यूनियन के राज्य प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल, राज्य महासचिव जयबीर घणघस, राज्य चेयरमैन रणबीर गहलोत, प्रदेश प्रवक्ता जयबीर नाफारिया, राज्य कैशियर जयपाल चौहान संबोधित किया। राज्य प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल ने बताया कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानकर बार-बार बातचीत कर लागू करने का अश्वासन दे रही हैं, लेकिन मांगों को लागू नहीं करती, जिससे कर्मचारियों में रोष हैं। उन्होंने कर्मचारियों से सांझा मोर्चे द्वारा प्रस्तावित 24 दिसंबर को करनाल में मुख्यमंत्री के घेराव में बढ़-चढकर भाग लेने का आह्वान किया। महासचिव घणघस व प्रवक्ता नाफरिया ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकार 23 जून को मानी गई मांगों को लागू करें, अन्यथा 24 दिसंबर को मुख्यमंत्री का घेराव किया जाएगा और 24 जनवरी को सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। बैठक में सुरेश नेहरा, सुरेंद्र टोडा ढाणी, सुरेश जाखड़, राजेश, अजीत सिंह व रोहित आदि मौजूद रहे।

### 23 को आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा में बाढ़ड़ा में उमड़ेगा जनसैलाब : चांदवास

**बाढ़ड़ा।** आप के जिला सचिव राकेश चांदवास ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश में पूर्ण रूप से ग्राम स्तर तक संगठन खड़ा कर चुकी है। इसी कड़ी में हरियाणा के अंदर बदलाव यात्रा शुरू हो चुकी है। प्रदेश सहित बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में बदलाव यात्रा निकाली जाएगी। 23 दिसंबर को 11 बजे यात्रा बाढ़ड़ा पहुंचेगी। इस दौरान पार्टी कार्यालय से लेकर मुख्य क्त्रांतिकारी चौक बाढ़डा तक पैदल यात्रा निकलेगी जिसमें हजारों की संख्या में लोग यात्रा में शामिल होंगे। वहीं बदलाव यात्रा में मुख्यातिथि आप नेता एवं पूर्व सांसद डॉक्टर अशोक तंवर होंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला सचिव राकेश चांदवास ने शुक्त्रवार को बताया कि बदलाव यात्रा को सफल बनाने के लिए 17 को विभिन्न गांव का दौरा किया जाएगा जिसमें लाडावास गांव में ग्राम सचिव संजय गिल के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों को आप ज्वाइन करवाकर बदलाव यात्रा का निमंत्रण दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# लौह पुरुष को किया नमन

- वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद रियासतों का करवाया एकीकरण : रीतिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई है। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारतरत्न' से नवाजे गए 'लौहपुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने देश के महान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि सरदार पटेल की देशभक्ति राष्ट्र को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। आजादी के बाद रियासतों के एकीकरण सरदार पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थ



### स्वतंत्रता आंदोलन में रहा महत्वपूर्ण योगदान

**भिवानी।** स्वतंत्रता आन्दोलन में वर्ष 1918 में खेडा संघर्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गुजरात के खेड़ा खंड उन दिनों भयंकर सूखे की चपेट में था, उस वक्त किसानों ने अंग्रेज सरकार से भारी टैक्स में छूट की मांग की, जब ये स्वीकार नहीं किया तो सरदार पटेल, गांधीजी एवं अन्य लोगों ने किसानों का नेतृत्व किया और उन्हें टैक्स न देने के लिये प्रेरित किया, ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक महेन्द्रपाल यादव ने स्वतंत्रता सेनानी सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कही।

# नशा नाश की जड़: सांगवान

- नशे की दलदल समाज एवं देश के लिए घातक : सांगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



नशा नाश की जड़ है, ये समाज व देश के लिए घातक हैं। इसलिए हमें युवाओं को नशे के दलदल से बचाना होगा, क्योंकि नशे के चंगुल में फंसकर युवा अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं जो समाज व देश के लिए घातक हैं। समाज के लोगों व युवाओं को जागरुक कर ही इससे बचा जा सकता है। इसलिए हम सभी को मिलकर इस मुहिम में भागीदार बनकर नशा करने वाले को जागरुक करना होगा और उन्हें नशे के चंगुल से बाहर लाकर मुख्यधारा में जोड़ना होगा ताकि वे समाज व देश हित में अपना योगदान दे सके। ये बात आईआरएस एडिशनल कमिश्नर विकास सांगवान ने गांव अचीना में नशामुक्ति अभियान की शुरूआत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि नशेड़ी व्यक्ति समाज व देश के लिए अभिशाप बन जाते हैं। नशा करने वाले व्यक्ति को ना समाज की चिंता होती है और ना ही देश की। नशा करने वाला व्यक्ति अपराध करने से भी नहीं हिचकता है। कई बार सुनने में आया है कि नशे के लिए रुपये नहीं देने पर नशेड़ी अपने ही परिजनों की हत्या तक कर देता है। सांगवान ने कहा कि नशा करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही हैं और सबसे अधिक इसने युवाओं को अपने आगोश में लिया है जो बड़ी चिंता का कारण हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची गांव खानक और पिंजोखरा

# आमजन को मिल रहा है योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम


तोशाम। भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टालों का निरीक्षण करते हुए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रकवार को खानक व पिंजोखरा पहुंची और लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की सेवाओं से आमजन को लाभांवित किया गया। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मालिक व पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने मुख्य रूप से यात्रा का अभिनंदन किया।

वहीं ग्रामीणों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई राष्ट्रव्यापी विकसित भारत.संकल्प यात्रा के माध्यम से आत्मनिर्भर व विकसित भारत व अंत्योदय का सपना साकार होता नजर आ रहा है। यह कार्यक्रम जरूरतमंद व विभिन्न योजनाओं के पात्र लोगों के लिए मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है। चेयरपर्सन ने कहा कि यात्रा के दौरान लाभार्थी किन्हीं कारणों से सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने से वंचित रह गए हैं, उन्हें भी लाभ दिया जा सके।

### गैस कनेक्शन बांटे

चेयरपर्सन अनिता मलिक ने गांव खानक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों संतोष, दर्शना, कविता,कविता, बबीता, प्रवीण, कलावती, गीता,सुशीला, भतेरी, सुमन, धापा देवी, सुमन कुमारी, कविता, सुष्मिता, सुनीता, दुलारी, भतेरीए, सुनीता रानी, खजानी देवी, अनिता, पूनम, कविता रानी, संतोष, कृष्णा, राजपति, सिलोचना, वेदवंती आदि को गैस कनेक्शन बांटे। पूर्व विधायक शशिरंजन परमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून.व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी स्कीम शुरू की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

### नशे के दुष्प्रभावों को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** राजकीय वमावि गोलपुरा में नशे के दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन डाइट बिरही कलां के द्वारा किया गया। कार्यक्त्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्या ने अतिथियों के सम्मान से किया। एससीईआरटी गुरुग्राम से डॉक्टर सुंदर सिंह राणा व डाइट बिरही कलां से समाजसेवी सुशील कुमार प्रवक्ता ने विद्यार्थियों को नशे के प्रचलित लत से बचने के उपाय संबंधी जानकारी दी।

नशे को कम करने व रोकथाम के लिए पोस्टर बनवाए तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। डॉक्टर सुंदर सिंह राणा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा नाश की जड़ है।